कार्यालय प्रथम अपीलीय अधिकारी, जिला कलक्टर, दौसा

श्री राजेन्द्र प्रसाद सैनी पुत्र श्री हरिवल्लभ सैनी पता– पंचमुखी, पंडितपुरा, वार्ड नंबर 06, तहसील बसवा जिला दौसा राज0 303313

बनाम

लोक सूचना अधिकारी, अतिरिक्त जिला कलक्टर, दौसा/मुख्य कार्यकारी अधिकारी, जिला परिषद दौसा

सत्यमेव जयते
Web Copy - Not Official

अपील संख्या 40/2025

निर्णय

दिनांक 20.06.2025

संक्षिप्त विवरण अपील इस प्रकार है कि अपीलांट द्वारा लोक सूचना अधिकारी, अतिरिक्त जिला कलक्टर, दौसा से सूचना का अधिकार अधिनियम 2005 के तहत सूचना प्राप्त करने हेतु प्रार्थना पत्र प्रस्तुत किया। प्रार्थी को वांछित सूचना/नकल निर्धारित समयावधि में प्राप्त नहीं हुई। इससे व्यथित होकर यह अपील पेश की गई है।

अपील दर्ज रजिस्टर की गई। लोक सूचना अधिकारी अतिरिक्त जिला कलक्टर, दौसा को प्राप्त पत्रादि की छाया प्रति प्रेषित कर अपीलांट को वांछित नकल/सूचना उपलब्ध करवाई जाकर जांच टिप्पणी मंगवाई गई।

पत्रावली का अवलोकन किया गया। लोक सूचना अधिकारी, अतिरिक्त जिला कलक्टर, दौसा को इस कार्यालय के पत्र क्रमांकःडीएम कोर्ट/2025/1303 दिनांक 23.05.2025 द्वारा पत्र जारी कर अपीलांट को वांछित नकल उपलब्ध कराते हुए रिपोर्ट चाही गई। लोक सूचना अधिकारी अतिरिक्त जिला कलक्टर, दौसा ने पत्र क्रमांकः आर.टी.आई./2025/394 दिनांक 27.05.2025 के द्वारा अवगत कराया है कि अपीलांट द्वारा चाही गई सूचना प्रभारी अधिकारी सतर्कता कलैक्ट्रेट दौसा व मुख्य कार्यकारी अधिकारी, जिला परिषद दौसा से संबंधित है। प्रभारी अधिकारी सर्तकता कलैक्ट्रेट दौसा से संबंधित सूचना अपीलांट को जरिये पत्र क्रमांकः 397 दिनांक 27.5.2025 के द्वारा अपीलांट को प्रेषित की जा चुकी है। उक्त उक्त पत्रादि की प्रति पत्रावली में संलग्न है। मुख्य कार्यकारी अधिकारी, जिला परिषद दौसा के विरूद्ध सूचना का अधिकार अधिनियम के तहत अपील सुनवाई का क्षेत्राधिकार अधोहस्ताक्षरकर्ता को नहीं है। इससे स्पष्ट होता है कि अपीलांट को सूचना की वस्तुस्थिति से अवगत करा दिया गया है। ऐसी स्थिति में अपील अपीलांट खारिज योग्य है।

उपरोक्त विवेचन के आधार पर अपील अपीलांट खारिज की जाती है। संबंधित को निर्णय की प्रति प्रेषित की जावे। बाद पूर्ति पत्रावली प्रविष्ठ लेख भंडार हो।

Signature Not Verified

Digitally signed by Devendra Kumar
Date: 2025.10.01 11:47:23 IST
Reason: SelfAttested

(देवेन्द्र ...)
जिला कलक्टर, दौसा